सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ0प्र0–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

पत्र सं0–554/सि0वि0वि0/सम्बद्धता/2026 दिनांक 17/06/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

विषय– भारतीय ज्ञान परिषद द्वारा प्रदेश के विश्वविद्यालयों/निजी विश्वविद्यालयों/निजी संस्थानों के युवाओं के मध्य व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं के प्रति जागरूक के सम्बन्ध में।

महोदय,

संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–874/सत्तर–1–2026 दिनांक 03 जून, 2026 के क्रम में मिशन निदेशक, सी0एम0 युवा, मिशन कार्यालय, उ0प्र0 के पत्र दिनांक 08–05–2026 (छाया प्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के संदर्भ में भारतीय ज्ञान परिषद द्वारा प्रदेश के विश्वविद्यालयों/निजी विश्वविद्यालयों/निजी संस्थानों के युवाओं के मध्य व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हे एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र से जोड़कर स्वरोजगार से जुड़ने हेतु प्रेरित किया जायेगा। परिषद द्वारा Time UP (Traning for Industries Motivation for Enterpreneurship) Expo 2026 का आयोजन संलग्न विवरण के अनुसार किया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना (सीएम युवा) प्रदेश सरकार की अत्यन्त महत्वाकांक्षी योजना है जिसके माध्यम से 21–40 वर्ष के युवाओं को रू0 05.00 लाख तक का ब्याज मुक्त गारण्टी मुक्त व 10 प्रतिशत अंशदान सहित ऋण उपलब्ध कराकर उनको सूक्ष्म उद्यम स्थापना के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। विश्वविद्यालय/संस्थानों में उपरोक्तानुसार जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन से युवाओं में उद्यमिता के प्रसार को बल मिलेगा युवा अपना उद्यम स्थापना हेतु प्रेरित हो सकेंगे।

तद्क्रम में मा0 मुख्यमंत्री जी के आपेक्षानुसार आपको सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना (सीएम युवा) प्रदेश सरकार की अत्यन्त महत्वाकांक्षी योजना के अनुसार अधिक से अधिक छात्रों/युवाओं को नियमानुसार उद्यमिता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र से जोड़कर स्वरोजगार से जुड़ने हेतु प्रेरित करते हुए उनका पंजीयन हेतु आधिकारिक पोर्टल www.ikcindia.org पर अधिक से अधिक छात्रो का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

अतः उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि **महाविद्यालय में अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं का पंजीकरण करते हुए उसकी प्रमाणित प्रति एवं साथ ही अपने महाविद्यालय में नोडल नामित करते हुए, नामित नोडल अधिकारी** की सूचना अधोहस्ताक्षरी के ई–मेल आई0डी0 sukaffiliation@gmail.com पर 03 कार्यदिवस के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

क्र0सं0	महाविद्यालय का नाम	नोडल अधिकारी का नाम	मोबाइल नम्बर

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय

17/06/26

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।